## खबर संक्षेप

### फरार आरोपियों पर ईनाम की घोषणा

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार आकाश पटेल पिता अवधेश पटेल निवासी पुरैना थाना ब्यौहारी के विरूद्ध थाना ब्यौहारी में धारा 342, 354, 376, 506, 509 ताहि0 3/4 पास्को एक्ट के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा क्रमांक 80बी (1) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रूपये की ईनाम राशि घोषित की है। इसी प्रकार फरार आरोपी राममहेश बैगा उर्फ बोड्डा बैगा पिता भोला बैगा निवासी ग्राम सेंदुरी भर्री थाना सोहागपुर जिला शहडोल के विरूद्ध थाना सोहागपुर में धारा 450,376 ताहि. के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है। उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 5 हजार रूपये की ईनाम राशि घोषित की गयी है। वहीं फरार आरोपी पप्पू सिंह गोड निवासी ग्राम चाका थाना बुढ़ार के विरूद्ध थाना बुढ़ार में धारा 376ए 376, 2 एन,ए 506 ताहि. के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था, थाना खैरहा में बुद्व बैगा पिता परमिला बैगा निवासी खन्नाथ के विरूद्व प्रकरण दर्ज किया गया था, थाना गोहपारू में नारायण नट पिता भारत नट निवासी बरई के विरूद्व प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त फरार आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है। उक्त फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 7-7 हजार रूपये की ईनाम राशि घोषित की है। जारी पत्र में कहा गया है कि सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।

### रेत का अवैध उत्खनन करते दो वाहनों जप्त



**शहडोल।** जैतपुर में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन हो रहा था जिसकी जानकारी वन विभाग को लगी, रेंजर सहित अमला मौके पर पहुंचा और रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते दो वाहनों को जप्त कर विभिन्न धाराओं पर कार्यवाही की गई है। जैतपुर वन परिक्षेत्र के कंसेड नाला में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन हो रहा था। जिसकी सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतपुर को प्राप्त हुई और उन्होंने तत्काल अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध रेत परिवहन करते दो वाहनों को पकड़ा। उन्होंने उक्त वाहनों को विभागीय अभिरक्षा में विभाग के निमुंहा नाके में खड़ा कराया हुआ है। जानकारी के अनुसार वन विभाग ने इन वाहनों को पड़खुरी तिराहा (सांधा मोड़) पर पकड़ा है। पकड़े गए वाहनों में वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 4876 एवं सीजी 10 बीडी 9710 शामिल बताए गए हैं। वाहन स्वामियों में एक वाहन किसी दीपक शर्मा और एक अंकित शर्मा का होना बताया गया है।

### खलिहान में लगी आग, धान जलकर हुआ खाक



**शहडोल।** जैतपुर क्षेत्र के कचहर गांव में खेत के खलिहान में रखा पैरा एवं धान में आग लग जाने से हजारों का नुकसान हुआ है। गुरुवार की शाम अचानक अज्ञात कारणों से खलिहान में रखें पैरा एवं धान में आग लग गई, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों को भी मामले की खबर दी गई। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि खलिहान में रखें धान एवं पैरा में आग लगने की खबर पुलिस की डायल हंड्रेड में आई है। सूचना पर हंड्रेड डायल घटना स्थल पहुंची तो पता लगा कि रामचरण सिंह के खेत के खलिहान में रखें पैरा एवं धान में आग लग गई।

# प्रशासन का रेत माफियाओं को अभयदान

## अटरिया नवाटोला में अजय ने कर रखा है अवैध भण्डारण

### पुलिस-प्रशासन छोड़, कुनुक से अवैध उत्खनन की सबको खबर

नदियों पर रेत माफिया ने कब्जा कर रखा है, दिन-रात रेत का अवैध खनन कर नदियों का सीना छलनी कर रहे है। इससे नदियों का अस्तित्व खतरे में है। नदियों में लगातार हो रहे रेत खनन के कारण न सिर्फ जलस्तर ही कम हो रहा है, बल्कि रेत माफिया किसी की जिंदगी लेने से भी नहीं चूक रहे हैं, कार्यवाही का डर नहीं होने के कारण रेत माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।



शहडोल।

जिले में अवैध खनन का कारोबार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति नदियों की है, गोहपारू, जयसिंहनगर सहित ब्यौहारी क्षेत्र की नदियों से अवैध रूप से खनन कर रेत बेची जा रही है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर, डग्गी सहित हाइवा में रेत भरकर बेचा जा रहा है और शासन को लाखों रुपयों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। दिन के समय रेत से भरे वाहनों को देखा जा सकता है, जिन्हें रोककर विभाग यह तक नहीं पूछता कि रेत कहां से लाए हो, जिले में एक भी रेत खदान-भण्डारण वर्तमान में स्वीकृत नहीं है, बावजूद इसके निजी तथा सरकारी कार्यो में रेत खप रही है, लेकिन खनिज विभाग पुराना स्टॉक बताकर अपना पल्ला झाड़ लेता है, वहीं पुलिस ने वाहनों माफियाओं से अपना हिस्सा सेट कर लिया है, बीते दिनों ब्यौहारी थाना क्षेत्र में पटवारी की मौत के बाद ऑडियो वॉयरल हुआ था, लेकिन आज तक अवैध उत्खनन के लिए पुलिस-प्रशासन किसी की जवाबदेही तय नहीं कर पाया है।

#### कुनुक नदीं से निकल रही अवैध रेत

गोहपारू थाना क्षेत्र के कुनुक नदी से अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है, पिछले कई महीने से यहां रेत माफिया अवैध उत्खनन कर रेत का ट्रेक्टर से परिवहन तो कर ही रहे हैं, साथ ही माफियाओं ने स्टॉक भी कर रखा है, खबर है कि अजय नामक रेत माफिया ने अटरिया नवाटोला जनपद पंचायत गोहपारू में अवैध रेत का भण्डारण कर रखा है, रेत पंचायत सहित आस-पास के ग्रामों में खप रही है, लगातार खनिज विभाग को सूचना दी गई कि पंचायतों में अवैध रेत का भुगतान हो रहा है, लेकिन खनिज विभाग के मुखिया को लिखित शिकायत का इंतजार है, लेकिन मामला संज्ञान में आने के बावजूद अभी तक विभाग द्वारा टीम गठित कर जांच नहीं कराई गई, जिससे माफिया सहित खरीददारों के हौसले बुलंद है। अजय ने कुनुक नदी को खोखला कर दिया है।

#### मौत के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

जिले में खनन माफियाओं का तांडव जारी है, सोन नदी में हो रहे रेत के अवैध खनन को रोकने गए पटवारी को माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था, यह घटना 25-26 नवंबर आधी रात की है, ब्यौहारी तहसील के खड्डा में पदस्थ पटवारी प्रसन्न सिंह बघेल तहसीलदार के आदेश पर अपने 3 अन्य पटवारी साथियों के साथ सरकारी वाहन से पेट्रोलिंग कर रहे थे, वे अपने इलाके में हो रहे रेत के अवैध खनन को रोकने गए थे, उसी दौरान गोपालपुर गांव में खनन माफियाओं ने पटवारी के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर उन्हें मार डाला, लेकिन पटवारी की मौत के बाद भी जिला खनिज विभाग नहीं जागा न ही जिला प्रशासन ने खनिज विभाग की जवाबदेही तय की, जबकि जिले में खनिज का अवैध कारोबार खनिज विभाग के नाकामी या संरक्षण में फल-फूल रहा है,इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

#### पुलिस की भूमिका संदिग्ध

गोहपारू जनपद के अटरिया नवाटोला में अजय नामक व्यक्ति द्वारा रेत का अवैध भण्डारण करने की खबर है, प्रतिदिन ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत इक_ा की जा रही है, लगातार थाना क्षेत्र में पुलिस का 100 डॉयल सहित पुलिस गश्त करती है, लेकिन एकाध ट्रैक्टर पर कार्यवाही कर मामले को इतिश्री कर दी जाती है, अटरिया नवाटोला में अवैध रेत का भण्डारण की जानकारी सभी को है, लेकिन नजराने ने सबके जमीर को गिरवा कर रखा है, सबसे बड़ा पहलू यह है कि जिन क्षेत्रों से रेत का अवैध उत्खनन कर भण्डारण किया जा रहा है, वहां की पंचायत में भी अवैध रेत सप्लाई हुई है, साथ ही भण्डारण की जानकारी शासकीय अमले को भी है, लेकिन सबकुछ फीलगुड की तर्ज पर चल रहा है।




# विश्वविद्यालय में किया गया विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन

शहडोल।

पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा 'विश्व एड्स दिवस' विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मंगलवार को विश्व एड्स दिवस पखवाडा के अर्न्तगत युवाओं को एड्स से बाचव एवं सावधानियों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला एड्स नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ. मुकुंद चतुर्वेदी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा स्वयंसेवकों को एड्स के विरुद्ध चल रहे युद्ध पर विजय पाने हेतु रणनीति बताई गई। साथ ही एड्स के कारण फैल रही छुआछूत जैसी बीमारी के विषय में जागरूक किया गया। उन्होंने चरक एवं वेदव्यास का उदाहरण देते हुए यह भी बताया गया कि किस प्रकार हम अपनी रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ा कर एवं कुछ सावधानियां रखकर एड्स जैसी बीमारी से खुद को बचा सकते हैं। एड्स काउंसलर श्रीमती अनीता गुप्ता द्वारा एड्स एवं एचआईवी के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एड्स को हम सामान्य लक्षणों से किस प्रकार पहचान सकते हैं इस विषय में भी जागरूक किया।

महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में एवं दलनायक सुचिता तिवारी के नेतृत्व में यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में स्वयंसेवक शाहीन खान, हर्ष तिवारी, उत्तरा विश्वकर्मा, प्रीति विश्वकर्मा, राज कुमार जाटव, अनामिका सिंह धुर्वे, अमृता द्विवेदी, नम्रता, नित्या, ललिता, सीमा, अभिषेक श्रीवास्तव आदि स्वयंसेवक उपाथित हुए।

# विज्ञान और कला प्रदर्शनी का महर्षि विद्या मंदिर में हुआ आयोजन

शहडोल।

महर्षि विद्या मंदिर कल्याणपुर में 14 दिसम्बर को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश चन्द्र सागर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन, कुमार प्रतीक पुलिस अधीक्षक, आनंद राय सिन्हा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं श्रीमती प्रीति मिश्रा प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक वंदन कर अगवानी की गयी। इस कार्यक्रम में प्रथम विद्यालय की पंरपरानुसार मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी द्वारा गुरू परंपरा छायाचित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरू पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तत्पश्चात स्वागत की कड़ी में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्राचार्य द्वारा स्वागत किया गया एवं मणिराज पटेल द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक को प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं अनूप प्रकाश राव द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात पुनः विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया एवं आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। पुनः विशिष्ट अतिथि प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय को प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर तथा बैज लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।






सजीव झाकियों का प्रदर्शनविद्यालय की प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को सर्व प्रथम वैदिक संस्कृति से ओतप्रोत अध्यात्म जगत की सजीव झांकियों का अवलोकन कराया गया जिसमें झीर सागर में शयन करते हुए भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की मनोहर छवि प्रस्तृति की गयी थी एवं अन्य सजीव झांकियों में कैलाश पर्वत, गणेज के साथ रिद्धि एवं सिद्धि, राम दरबार, भगवान नृसिंह, ब्रम्ह लोक, वैदिक गुरू परंपरा को प्रदर्शित करती हुई गुरू शिष्यों की सजीव झांकी, धनुर्धर अर्जुन को गीता का उपदेश करते हुए भगवान कृष्ण का प्रदर्शन किया गया था। तत्पश्चात नन्हे-मुन्हे बाल कलाकारों की प्रस्तृति नन्हा संसार का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल को प्रस्तुत कर उनके बारे में कविता के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी गयी। नन्हे बच्चों के प्रयास को देखकर अतिथियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए खूब सराहा गया।

इसके पश्चात वैज्ञानिक संत महर्षि महेश योगी द्वारा प्रणीत भावातीत ध्यान एवं सिद्धि कक्ष का अवलोकन किया गया, जिसमें भावातीत ध्यान एवं सिद्धि के महत्व को प्रतिपादित करती हुई झांकियों का प्रदर्शन किया गया था। इसके पश्चात सामाजिक विज्ञान की प्रदर्शनी अवलोकन किया गया, जिसमें वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को प्रस्तुत किया था तथा मानव सभ्यता का विकास दर्शाया गया था। प्राचीन मानव से लेकर 21वीं सदी का विकासशील भारत के अद्भुत प्रारूप को दर्शाया गया था। सामाजिक विज्ञान की यह प्रदर्शनी एक भारत श्रेष्ठ भारत की अनुपम कलाकृति का उदाहरण बना। हेल्थ जोन के अंतर्गत स्वास्थ्य की अनुपम कलाकृति का उदाहरण बना। हेल्थ जोन के अंतर्गत स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वास्थ्य वर्द्धक फल, भोजन एवं भावातीत ध्यान योग को प्रदर्शित किया गया तथा बच्चों को संदेश दिया गया कि भोजन से पूर्व स्वच्छता का ध्यान कैसे दिया जाये। औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें औषधीय पौधों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए विभिन्न औषधीय पौधों को प्रदर्शित कर बताया गया कि प्राचीन काल से ही मनुष्य रोगो के निदान के लिए विभिन्न प्रकार के पौधों का उपयोग करता आया है। मनुष्य तक तक सुरक्षित है जब तक उसका सामंजस्य प्रकृति से है। प्रकृति के समाप्त होते ही मनुष्य का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जायेगा। अतः हमारा संदेश है कि हम सब प्रकृति का संबर्धन कर उसकी रक्षा करें और प्राकृतिक वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करे। खेल जीवन को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी के अंतर्गत खेल में बेहतरीन कैरियर कैसे बनाये, खेल के सभी मैदान एवं योग की विशेषताओं और फिट इंडिया मूव्हमेंट को दिखाया गया। महर्षि संस्थान से पधारे ख्याति प्राप्त आयुर्वेदाचार्य वैद्य रविन्द्र अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत महर्षि औषधीय उत्पाद का अवलोकन कर उनके महत्व एवं उपयोग की जानकारी से अवगत हुए जो सम्पूर्ण मानव समाज के लिए बहुत ही उपयोगी एवं महत्वपूर्ण रहीं, साथ ही वैद्यराज से अभिभावकों द्वारा चिकित्सा परामर्श भी लिया गया। इसके पश्चात स्वर लहरियों से ओत-प्रोत संगीत प्रदर्शनी में प्रदर्शित संगीत वाद्य यंत्रों का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सुमधुर संगीत की प्रस्तुति सुन अतिथियों द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की गयी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक ने अपने उद्बोधन में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल एवं कलात्मक कृतियों की सराहना की एवं कहा। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा। विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय ने अपने उद्बोधन में कहा। कार्यक्रम में मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुश्री सोनिया भारती ने किया गया। कार्यक्रम के सफल संपादन में विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# चोरों ने बैंक और दो दुकानों का तोड़ा ताला

### चौकीदार को बनाया बंधक, मौके पर पहुंची पुलिस


शहडोल।

जैतपुर थाना क्षेत्र के रसमोहनी गांव में बैंक एवड्ड दो अन्य दुकानों के ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आई है, वहां एक चौकीदार को भी चोरों ने बंधक बना लिया था, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की पड़ताल कर रही है। हीरा मार्केट में जहां यह वारदात हुई है वहां एक चौकीदार भी जिसे चोरों ने बंधक बना लिया था। बैंक और दुकानों से कितने की चोरी हुई है अभी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। मौके पर बैंक प्रबंधन के कर्मचारी और जैतपुर पुलिस मौजूद है।

चोरों ने हीरा मार्केट में पीछे की तरफ से आकर इस घटना को अंजाम दिया है। वहां चौकीदारी कर रहे बबला को चोरों ने बंधक बना लिया। बबला ने बताया कि मैं मार्केट में ही सो रहा था। पीछे से 2 लोग मेरे पास आए और मेरी आंख बंद कराकर मेरे मुंह को रजाई के अंदर डाल दिया। मैने तौलिया रखी थी उसे मेरे मुंह को बांध दिया और मेरे अगल बगल दोनों बैठ गए।



बबला ने बताया कि चोरों ने मुझे बंधक बनाकर अपने पास बैठा लिया था। मेरी आंख बंद थी लेकिन मुझे शटर से ताला तोड़ने की आवाज आ रही थी। वो लगातार तोड़-फोड़ करते रहे और 2 लोग मुझे बंधक बनाकर अपने पास बैठाए रहे। घटना होने के बाद वो लोग मौके से भाग गए। बबला के अनुसार अज्ञात चोर जब हीरा मार्केट आए तब बिजली गुल थी। इस कारण ज्यादा कुछ समझ नहीं आया। जब वो लोग बैंक के अंदर गए होंगे तो पुलिस की गाड़ी जैसा सायरन भी बजने लगा। इसके बाद भी वो लोग नहीं रुके और तोड़फोड़ करते रहे।




रसमोहनी गांव के हीरा मार्केट में स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक सहित जितने भी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगे थे चोरों ने सुनियोजित तरीके से पहले उन्हें काटा। सुबह जब पुलिस मौके पर आई तो उन्हें सीसीटीवी के कनेक्शन कटे मिले हैं।थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि ग्रामीण बैंक और विनीत ज्वेलर्स की तिजोरी सुरक्षित है। चोर उसे अपना निशाना नहीं बना पाए इसके अलावा और सराफा दुकान से कितनी की चोरी हुई है इसकी जांच की जा रही है, थाना प्रभारी का कहना है कि मामले पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।







# पुलिस परिवार स्वरोजगार योजना 'धृति' से संबंधित हुआ कार्यक्रम

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में 14 दिसम्बर को 'धृति पुलिस परिवार कल्याण योजना' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें महिलाएं, बच्चियां अपनी प्रतिभा एवं कौशल को प्रदर्शित कर सकती है। उक्त कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चियों को सिलाई, बुनाई, हैण्ड क्राफ्ट, हैण्डर प्रिन्ट कपड़े, मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग तथा कुकिंग इत्यादि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिये सहयोग एवं प्रोत्साहित किया गया। धृति पुलिस परिवार कल्याण केन्द्र के माध्यम से पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा बनाई गई सामग्री व उत्पादों की प्रदशर्नी भी पुलिस परिवार लगाएगा, साथ ही आने वाले दिनों में पुलिस परिवार की महिलाओं के लिये टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित किया जाकर छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारा जाएगा तथा विजेताओं को पुरूस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, रक्षित निरीक्षक दीपेंद्र सिंह, सूबेदार अभिनव सहित पुलिस परिवार की लगभग 65 महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रही।

खबर संक्षेप

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज 16 को नगर पंचायत चंदिया से

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा निकाली जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज 16 दिसंबर को नगर पंचायत चंदिया से किया जाएगा। नगर पंचायत चंदिया में प्रातः 10 बजे से गढ़ी वार्ड नंबर 12 से प्रारंभ होगी। अपरान्ह में बिरसामुण्डा चौक में शिविर का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न विभागों से कार्यक्रम स्थाल में विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल लगानें का आग्रह मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदिया किशन सिंह व्दारा किया गया है ।

## करकेली विकासखण्ड की जनपद स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**उमरिया।** प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार व्दारा संचालित स्वरोगार मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करानें हेतु करकेली विकासखण्ड की जनपद स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में एनआरएलएम, एनयूएलएम, मत्स्य पालन विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि विभाग तथा उद्योग विभाग व्दारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों को उनकी शाखाओं में लंबित प्रकरणों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में विभिन्न योजना तथा बीमा योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु स्टाल लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में यात्रा के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड प्राथमिकता के साथ बनानें के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक, आर सेटी के संचालक, नावार्ड के उप प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे ।

## अवैध मदिरा जप्त



**उमरिया।** सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रह व परिवहन पर रोक हेतु कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान वृत्त पाली में मुलकी बाई कोल, सेहरा पाली के कब्जे से 30 किलो महुआ लाहन व 1 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। पार्वती बाई, वार्ड नंबर 14 के कब्जे से 15 किलो महुआ लाहन व 01 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। शांति बाई, दफाई पाली के कब्जे से 45 किलो महुआ लाहन व 01 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। पार्वती कोल, सेहरा वार्ड नं 4 के कब्जे से 30 किलों महुआ लाहन व 01 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया। डोगरिया पाली से 13 डिब्बों में 195 किलो महुआ लाहन जब्त कर मौके पर नष्ट किया व 1 अज्ञात प्रकरण कायम किया गया। वृत मानपुर मे प्रेम चंद्र, सकरीया के कब्जे से 15 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त किया। वंदना सिंह, मचखेता के कब्जे से 12 बॉटल बीयर जब्त किया गया। जिले की कुल कार्यवही दौरान आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत कार्यवाही कर कुल 315 किलो महुआ लाहन, 04 लीटर हाथ भट्टी शराब, 12 बॉटल बीयर एवं 15 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त कर 07 न्यायलीन प्रकरणO पंजीबद्ध किया । जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 35,475 हैं । कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी व पिंकी हिंदुजा के नेतृत्व में की गई।

### भक्तों ने लगाये अवैध वसूली के आरोप

# नर्मदा परिक्रमा के नाम पर भक्तों से ठगी



### वसूली के वीडियो सोशल मीडिया में हुए वॉयरल

धार्मिक नगरी अमरकंटक में भक्तों से अवैध वसूली के साथ अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल होने के बाद पूरा ट्रस्ट कटघरे में है, प्रशासन ने मंदिर की जिम्मेदारी जिन्हें सौंपी है, अब वह खुद ही अवैध वसूली करने में लगे हैं, पाठक जी पूरे कुनबे के साथ वसूली तो करते ही हैं साथ ही भक्तों से अभद्रता करने से भी नहीं चूक रहे हैं।








**अमरकंटक/ शहडोल।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक हिन्दू आस्था का प्रतीक है, अमरकंटक में एक बार फिर मां नर्मदा परिक्रमा करने वाले भक्तों आना शुरू हो गया है, माई की बगिया में माथा टेकने और जल लेकर परिक्रमा कर रहे भक्तों से अभद्रता और पूजा के नाम पर वसूली के आरोप लगे हैं। नगर परिषद की ओर से नियुक्त गणेश पाठक खुद व पुत्रों से यहां आ रहे भक्तों से वसूली करते वॉयरल वीडियो में नजर आ रहे हैं। उद्गम स्थल से जल लेकर नर्मदा नदी की परिक्रमा का हिन्दु धर्म में अपना अलग महत्व है, अमरकंटक के अधिकांश मंदिर व मठों को शासन ने ट्रस्ट बनाकर इसकी जिम्मेदारी स्थानीय निकाय को सौंपी हुई है, विभिन्न स्थलों के बीच माई की बगिया नाम का पौराणिक स्थल है, नर्मदा परिक्रमा करने वाले भक्त परिक्रमा के दौरान यहां जरूर पहुंचते हैं।

### सांठ-गांठ का हिस्सा

मंदिर परिसर की व्यवस्था और रख-रखाव का जिम्मा नगर परिषद अमरकंटक ने ले रखा है, माई की बगिया परिसर की जिम्मेदारी जिस कर्मचारी को परिषद ने सौंपी है, उस पर खुद व अपने पुत्रों से यहां पहुंच रहे भक्तों से अभद्रता और अवैध वसूली के आरोप लगे हैं, बीते दिवस यहां पहुंचे भक्तों के एक जत्थे से हुआ विवाद और उनसे पूजा के नाम पर नगदी बटोरने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वॉयरल हुआ है, जिससे जिले सहित धार्मिक नगरी की छवि धूमिल हुई है, माई की बगिया में आने वाले भक्तों की आस्था के साथ खुलेआम सौदेबाजी का वीडियो वॉयरल होने के बावजूद परिषद द्वारा कार्यवाही न करना, कहीं न कहीं पूरे प्रबंधन की सांठ-गांठ का हिस्सा नजर आ रहा है।

### अवैध वसूली के साथ अभद्रता

अमरकंटक नर्मदा मंदिर ट्रस्ट के अंतर्गत स्थित माई की बगिया में नगर परिषद अमरकंटक में पदस्थ वर्ग-3 के कर्मचारी गणेश पाठक को यहां की जिम्मेदारी सौंपी गई है, गणेश पाठक परिषद की फाईलों को निपटाने के साथ ही यहां पुजारी की भूमिका में भी रहते हैं। प्रतिदिन माई की बगिया में सैकड़ों भक्त पहुंच रहे हैं, खासकर नर्मदा परिक्रमा करने वाले भक्तों का जत्था नवम्बर-दिसम्बर माह से शुरू होने लगता है, मंगलवार को मंदिर परिसर में भक्तों का जत्था पहुंचा, जिनसे चढ़ावे के नाम पर गणेश पाठक की तू-तू, मैं-मैं हुई, सोशल मीडिया में वॉयरल वीडियो में भक्तों की टोली के प्रमुख ने गणेश पाठक पर अवैध वसूली के साथ ही अभद्रता के आरोप लगाये और मंदिर प्रबंधन के साथ ही कलेक्टर अनूपपुर से इस मामले में कार्यवाही करने की मांग भी कर दी।

### काट रहे भक्तों की जेब

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के तमाम प्रांतों से नर्मदा, सोन व जोहिला के उद्गम स्थल पर भक्त सैकड़ों की संख्या में पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचते हैं, नर्मदा मंदिर के साथ ही अन्य कई आश्रम और जैन तथा सिख समाज के मंदिर यहां स्थित हैं, देश की एक बड़ी आबादी की आस्था मां नर्मदा से जुड़ी हुई है, जिसमें धनाड्यों से लेकर गरीब तक यहां पहुंचते हैं, आस्था के नाम पर भक्तों की जेब खुलेआम काटी जा रही है, जिन लोगों को नगर परिषद ने यहां की व्यवस्था बनाने का जिम्मा सौंपा है, खुद उन्हीं के द्वारा आस्था के नाम पर भक्तों से अभद्रता और अवैध वसूली कहीं न कहीं हिन्दुओं के धार्मिक आस्था के साथ बड़ा कुठारा घात है।

### पाठक पुत्रों का दखल

गणेश पाठक नगर परिषद में वर्ग-3 के कर्मचारी है, इनका कुछ समय परिषद की फाईलों में तो बाकी समय माई की बगिया में ही बीतता है, बीते दिन हुए विवाद और वॉयरल वीडियो पर नजर डाले तो, गणेश के पुत्र यहां पहुंचे भक्तों से चढ़ावे की राशि खुद अपने हाथ में लेते नजर आ रहे हैं। स्थानीयजनों की माने तो गणेश पाठक के साथ उनके पुत्र ऋषि पाठक, अन्नू पाठक व अंकित पाठक अर्से से मंदिर परिसर में इसी तरह का माहौल बनाए हुए हैं। वॉयरल वीडियो भी इस बात की पुष्टि करता है कि गणेश पाठक के पुत्र किसी न किसी का संरक्षण मिलने के बाद ही इस तरह की वसूली, वह भी खुलेआम कर रहे हैं। यह एक दिन या एक माह का मामला नहीं, बल्कि बीते कई वर्षो से प्रतिदिन इस तरह की वसूली होती रही है।

**पांच परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 1214 परीक्षार्थी होंगे**

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 17 को

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर व्दारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक वर्ष 2023 का आयोजन 17 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से सायं 4.15 बजे तक दो सत्रों में किया गया है। परीक्षा हेतु पांच केंद्र बनाये गये है जिसके माध्यम से 1214 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगे । उन्होंने बताया कि शासकीय आदर्श महाविद्यालय डबरौहा उमरिया में 250 परीक्षार्थी, शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय उमरिया में 300 परीक्षार्थी, शासकीय आरव्हीव्हीपीएस महाविद्यालय उमरिया में 300 परीक्षार्थी, शासकीय सज्जन उत्कृष्ट उमावि विद्यालय में 250 परीक्षार्थी तथा शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में 114 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी अपने कपडो, कफलींक, धूप का चश्मा, जूते मोजे, हाथ के बैण्ड, हाथ में बंधे बंध इत्यादि इलेक्ट्रानिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा में पहनकर आना वर्जित किया गया है। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते है। चेहरे को ढंककर प्रवेश कक्ष में प्रवेश रहेगा। परीक्षा में पेसिंल, रबर व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसे बालो का क्लचर, बक्कल, घडी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक, चमडे के बैण्ड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप मे पहने जाने वाले चश्मा, पर्स, वालेट, टोपी वर्जित है। परीक्षार्थियों को मोबाइल, केल्कुलेटर इत्यादि इलेक्ट्रानिक उपकरण, पठन सामग्री एवं वर्जित वस्तुएं लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ऐसे सभी परीक्षार्थियों को जिनके पास संबंधित परीक्षा केंद्र के लिए आयोग व्दारा जारी प्रवेश पत्र है व आयोग व्दारा निर्धारित किए गए फोटो परिचय मे से कोई एक मूल फोटो परिचय उपलब्ध हो उन्हें प्रवेश दिया जाएगा।

## खुले में मांस एवं मछली के विक्रय पर रोक

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा प्रथम कैबीनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में बताया है कि जिले में खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया जायेगा। इसके संबंध में 15 दिसम्बर से सभी नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा। सामान्यतः किसी भी प्रकार के व्यवसाय, दुकान, बाजार या रेहड़ी आदि लगाने के लिये नगरीय निकायों द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत अनुज्ञा,अनुमति, अनापत्ति प्रदान की जाती हैं। विशेष रूप से किसी भी प्रकार के मांस एवं मछली के विक्रय के लिये नगरीय विकास विभाग के अधिनियमों के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधान लागू होते हैं। इसके अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांस एवं मछली के विक्रय के संबंध में अतिरिक्त शर्तें लगाई जाती हैं। इस अधिनियम के अंतर्गत मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच, दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। आपनें नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अधिनियमों-नियमों एवं लायसेंस की शर्तों का पालन कड़ाई से कराने के निर्देश दिये हैं। सभी निकाय क्षेत्रों में 15 दिवस तक अतिक्रमण निरोधी दस्ते तथा स्वास्थ्य अमले के अतिरिक्त जिला एवं पुलिस प्रशासन विशेष अभियान चलायेगा। यह अभियान 15 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 31 दिसम्बर तक निरंतर चलाया जायेगा। अभियान की राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## सामुदायिक भवन में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस



**हर काम करने की क्षमता दिव्यांगजनो में विद्यमान है : कलेक्टर**

**उमरिया।** हर काम को करने की क्षमता दिव्यांगजनो में विद्यमान है। दिव्यांग जन अपने आपको उपेक्षित नहीं समझे। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों मे हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का जो प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसनीय है। दिव्योंग जनों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त आशय के उदगार कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने जिला मुख्याालय के सामुदायिक भवन उमरिया में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग व्दारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि ईश्वर ने जिसे दिव्यांग बनाया है, उनमें कोई न कोई प्रतिभा भी ईश्वर ने विद्यमान की है। उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि दिव्यांग जनों ने हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। दिव्यांग जनों के अंदर जो प्रतिभाएं विद्यमान है, उसे मंच के माध्यम से बाहर निकाले और ग्राम, जिला, प्रदेश एवं देश में अपना नाम रोशन करें। काय्रक्रम को जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान सुमिता दत्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांग जनों के अंदर नई उर्जा का संचार करना है एवं उन्हें प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के पूर्व में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग राजीव गुप्ता व्दारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें श्रवण बधित, अल्प बाधित, अस्थित बाधित बालक, बालिका की 50,100,250,400 मीटर की दौड़, पेटिंग, रंगोली, कुर्सी दौड़, एकल गीत, समूह गीत, समूह नृत्य, गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कायक्रम में स्थान रखने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सहित अन्यि अतिथियों के व्दारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, इसके साथ ही बच्चो व्दारा बनाई गई पेटिंग्स का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम, डीडीआरसी के कर्मचारी, प्रोग्रामर प्रमोद पाण्डेय, समग्र अधिकारी कंचन तिवारी सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## बांसकला जागरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन




**कोतमा।** 14 दिसम्बर को परम्परागत एवं वनवासी समुदाय को बांसकला जागरूकता एवं प्रशिक्षण द्वारा रोजगार सृजन से आत्मनिर्भर बनाना अंतर्गत मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद्, भोपाल के सहयोग से ग्राम कोटा में साप्ताहिक प्रशिक्षण का शुभारम्भ भाऊसाहब भुस्कुटे लोक न्यास गोविन्दनगर, बनखेडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सह संयोजक मध्यक्षेत्र कारीगर पंचायत विकास मोहर्रिर के मुख्य अतिथि प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम मे उपस्थित डिप्टी रेंगर ब्रिजभान सिंह, रणजीत सिंह पंचायत सचिव, ददन सिंह वन समिति श्रीमती प्रतिमा उपस्थित रही। विकास ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि यह प्रशिक्षण मात्र बांस प्रशिक्षण नही अपितु वित्तीय, समय, कौशल आदि जिवनपयोगी अनुशासन का प्रशिक्षण है. प्रशिक्षण उपरांत जो रुचि रखता हो, समय देता हो, गुणवान हो, नियमो का पालन कर्ता हो, उसे बांस में पूर्ण पारंगत किया जायेगा, उत्पाद बनाए उपरांत बाजार व्यवस्था एवं उत्पादन की समूची जबाबदारी हार्ड संस्थान लेगी। न्यास के मार्गदर्शन में इस क्षेत्र को बांस से रोजगार के अवसर निरंतर मिलते रहेंगे। डिप्टी रेंगर ब्रिजभान सिंह ने कहा कि वन विभाग की जमीन पर बम्बू लगाने हेतु जमीन समूह को उपलब्ध कराकर आवंटित करेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षक ललित कुमार एवं जयप्रकाश उपस्थित रहे। श्रीमती दिव्या राव ने प्रशिक्षण चयन, मोनिटरिंग सदस्य, प्रशिक्षण समय आदि की जानकारी सबको बताई। संस्था सचिव सुशील शर्मा द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया। आभार प्रदर्शन देवनाथ सिंह उइके ने किया।

## मासूम की कुएं मे गिरने से मौत

**कोतमा।** थाना अंतर्गत छुल्हा गांव में साढे तीन वर्ष का मासूम बालक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 12 दिसंबर को दोपहर में छुल्हा निवासी विकास साहू अपने घर से खाना खाकर जेसीबी मशीन चलाने चला गया तभी उसकी पत्नी ने फोन कर उसे बताया कि अनूप उर्फ बिट्टू घर में नहीं है। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चल रहा है 1 घंटे बाद जब विकास घर आया तो बालक की तलाश में सभी जुड़ गए इस समय देखे की घर की बाड़ी में बने कुएं में मासूम बालक गिर गया है लोगों की मदद से उसे कुएं से बाहर निकल गया तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच में लिया।

# बाहरी अपराधियों की शरण स्थली बने कॉलरी के क्वार्टर



**कोतमा।** कोयलांचल क्षेत्र के थाना कोतमा व भालूमाडा अंतर्गत कालरी कॉलोनी गोविंदा जमुना कॉलरी जोकि नगर पालिका कोतमा व पसान क्षेत्र के अंतर्गत आता है इन दिनों वह अपराधियों के लिए सुरक्षित शरण स्थली बनकर रह गया है जिससे निकट भविष्य में किसी अप्रिय घटना के घटित होने के अंजाम से इनकार नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि गोविंदा व जमुना कॉलरी के आवासों में इन दिनों अधिकांशतः लोग कॉलरी की सेवा से सेवानिवृत्त होने के कारण अधिकांश कालरी क्वार्टर खाली और वीरान पड़े हुए हैं। जिसका फायदा उठाकर विशेषकर बिहार झारखंड एंव अन्य जगहों से लोग अपराध करके अपराधी वहां से भागकर कॉलरी के क्वार्टरों में निवास कर रहे हैं जिनके ऊपर जहां से आए हैं वहां पर कई मुकदमे दर्ज हैं या यह कहा जाए कि अपराधियों के लिए कॉलरी के खाली पडे कमरे सुरक्षित शरण स्थली बना हुआ है। कुछ माह पूर्व कोयलांचल नगरी पाली में झारखंड का एक गिरोह विस्फोटक सामग्री की बिक्री करते हुए एसटीएफ की टीम ने पकड़ा था जिसके तार पटाखा व्यापारी से लेकर झारखंड तक जुड़े हुए थे और पूर्व में मुंबई के शूटर को भी जमुना कॉलरी से मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार करके ले गयी थी। तब कुछ दिनों तक पुलिस की भूमिका सक्रिय रही और भय का वातावरण लोगों में था, लेकिन वर्तमान समय में फिर से इस तरह के लोगों कि ना तो कॉलरी प्रबंधन सुध ले रहा है और ना ही पुलिस प्रशासन जबकि कॉलरी के क्वार्टरों में अवैध तरीके से बाहर से आकर लोग निवास कर रहे हैं जिनका यहां पर कोई काम नहीं है। स्थानीय जनों ने क्षेत्र के महाप्रबंधक और जिले के पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि इस तरह के लोग जो कॉलोनी के आवासों में अवैध रूप से कब्जा करके रह रहे हैं जिनका ना तो यहां कोई काम है और ना ही कॉलरी कर्मचारी हैं ना ही बिजनेसमैन है इनकी पहचान पत्र लिया जाए साथ ही थाने में इनकी मुसाफिर दर्ज करवाया जाए कि किस लिए यह कॉलरी के कमरों में आकर रह रहे हैं। महाप्रबंधक से नागरिकों ने मांग की है कि वह पता लगाएं कि वह क्वार्टर में किस अधिकार से रह रहे हैं और फ्री का बिजली पानी उपयोग कर रहे हैं। कुछ बाहर से आकर गोविंदा व जमुना कॉलरी के क्वार्टरों में निवास कर रहे लोगों का कहना है कि वे जहां से आए हैं उनके पास सैकड़ों एकड़ की जमीन के मालिक हैं। कई बीघा खेत है फिर भी कॉलरी में छिपे हैं यह गहन जांच का विषय है। पुलिस प्रशासन से मांग है कि ऐसे लोगों की जांच पड़ताल समय रहते किया जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना को अपराधिक तत्वों के लोग अंजाम ना दे सके और आमजन अपनी जिंदगी अमन चैन से गुजर बसर कर सके। कुछ दिनों पूर्व थाने में शांति समिति की बैठक में नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन एवं पुलिस के अधिकारियों से यह मांग की थी कि वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है और कालरी के क्वार्टर में बाहर से आकर सामाजिक तत्व चार पहिया वाहनों में खाली पड़े कमरों में डेरा जमाए हुए हैं। जो आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में है प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों की पहचान कर उचित कार्यवाही करें।

### पूर्व मे कई अपराधी यहां से हो चुके गिरफ्तार फिर भी पुलिस सुस्त

# कुप्रबंधन का शिकार, सेन्ट्रल हास्पिटल बुढ़ार

## जांच, दवा ही नहीं स्टाफ और सुविधाओं का भी टोटा

एसईसीएल द्वारा सोहागपुर कोयलांचल में कार्यरत कर्मचारियों और एसईसीएल के पेंशनर्स के साथ ही उनके परिजनों के उपचार हेतु संचालित बुढार केंद्रीय चिकित्सालय का मैनेजमेंट इतना ढीला और लापरवाह है कि मरीजों को न चाहते हुए भी बाजार से दवाइयां खरीदनी पड़ रही है।





धनपुरी।

इतना ही नहीं गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहर जाना उनकी मजबूरी बन जाती है क्योंकि बीसीएच में तमाम जरूरी सुविधाओं का टोटा आज भी बना हुआ है। कालरी कर्मचारियों का तो फिर भी ठीक है कि बाजार से यदि दवाई खरीदी तो उसका बिल पास हो जाता है लेकिन पेंशनरों की तो लुटिया ही डुबोई जा रही है क्योंकि निशुल्क उपचार कार्ड की जो लिमिट है वह बाजार की महंगी दवाइयां खरीदने से दिनोंदिन घटती जाती हैं और अंततः साल खत्म होने के पहले ही उनका पूरा बजट खप चुका होता है ऐसी स्थिति में यदि उन्हें कोई गंभीर बीमारी हो जाए तो शायद ही उन्हें कोई मौत से बचा पाएगा।

### दो-चार दवाएं ही उपलब्ध

बुढार केंद्रीय चिकित्सालय में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज कराने डॉक्टर के पास पहुचते हैं डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयों कि पर्ची हॉस्पिटल में बने दवाई काउंटर में देने के पश्चात 2-4 दवाओं के अलावा अधिकांश दवाइयां हॉस्पिटल से नहीं मिलतीं, जिन्हें मरीज व परिजन बाहर की दवा दुकानों से खरीद कर लाने के लिए विवश हैं। मरीजों के पास जेब में पैसा हो या न हो उसे जीवन रक्षक दवा खरीदने के लिऐ पैसों का जुगाड कही न कही से कर के दवा तो लेना ही पडता है।

### चक्कर कमीशन का

मिनी रत्न कंपनी से जुड़ने के बाद भी बुढार केंद्रीय चिकित्सालय में दवाइयों का टोटा बना रहता है । स्थानीय नागरिकों श्रम वीरों उनके परिजनों श्रमिक संगठनों के जनक प्रतिनिधियों ने बीसीएच की अव्यवस्थाओं में स्थानीय दवा व्यापारियों से संबंध बना रखे हैं और उनके मुनाफे से मिलने वाले कमीशन के लालच में जानबूझकर बुढार केंद्रीय चिकित्सालय में दवाओं की व्यवस्था नहीं कराई जाती है।

### प्रबंधन की चुप्पी

आश्चर्य इस बात का भी है कि एसईसीएल सोहागपुर एरिया प्रबंधन के अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं जिसका खामियाजा मरीजों एवं उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है सोहागपुर कोयला चल ही नहीं अन्य कोयला क्षेत्रों से इलाज के लिए बीसीएच आने वाले समय में ,श्रमवीरों और उनके परिजनों के शोषण का क्रम बदस्तूर जारी है जिस पर रोक लगाने की दिशा में अब तक कोई पहल होता दिखाई नहीं देता।

### नेतागीरी में नहीं दम

श्रमिक संगठन भी शोभा की सुपारी बने हुए हैं। किसी भी संगठन या उसके पदाधिकारी को इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि उनके श्रम वीरों को क्या सुविधाएं मिल नहीं पा रही हैं या जिसके वह हकदार हैं वह उन्हें क्यों नहीं मिल रहा है संगठन के नेताओं को सिर्फ अपनी नेतागिरी प्रबंधन के सामने चमकाने के अलावा कुछ भी सूझ नहीं रहा है जिसका खामियाजा कालरी कर्मचारियों पेंशनरों और उनके परिजनों को लगातार भुगतना पड़ रहा है। जीवन रक्षक दवाईयों का बुढार केंद्रीय चिकित्सालय में दवाई का अभाव बना हुआ है दवाई के अभाव में मरीजों यहां वहां भटकना पड़ता है अगर जेब में पैसा ना हुआ तो समय पर इलाज भी नहीं हो पता खासकर वह लोग अधिक परेशान है जो रिटायरमेंट होने के बाद उनकी ऐसी व्यवस्था देखी जा रही है डॉक्टर के पर्ची में अधिकांश दवाई बाहर की होती है रिटायरमेंट कालरी कर्मचारी कैसे मैनेज कर पाएंगे। चिकित्सालय में दवाई कब आती है लोगों को मालूम नहीं हो पता मरीज दवा लेने जाते हैं तो कहा जाता है की दवाई अभी नहीं है तो आता कब है और खत्म कब हो जाता है।

### कार्ड की है लिमिट

कालरी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निशुल्क उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए कोयला कंपनी द्वारा सीपीआरएमएस कार्ड बनाया जाता है सूत्रों की मानें तो 40 हजार रुपए शुल्क लेकर बनाए जाने वाले इस कार्ड से चार/चार लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा के लिए दी जाती है। बीसीएच में आवश्यक दवाएं उपलब्ध न होने के कारण पेंशनर्स को बाजार से दवाइयां खरीदनी पड़ती है जो काफी महंगी साबित होती है। वही दवा यदि अस्पताल से मिलती है तो उसकी कीमत बाजार की अपेक्षा कई गुना कम होती है जिससे उनका उपचार बजट जल्दी खत्म नहीं होता लेकिन बाजार से दवा खरीदने पर लिमिट जल्दी ही खत्म हो जाती है और इसकी वजह से गंभीर बीमारियां होने की स्थिति में पेंशनर्स अथवा उनके परिजनों के जीवन के प्रति खतरा बढ़ जाता है। ऐसे हालात में यह आवश्यक है कि बीसीएच में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में कालरी प्रबंधन और अस्पताल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवश्यक पहल की जाये।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे मैहर और चित्रकूट



रीवा 14 दिसम्बर 2023. प्रदेश के नवनियुक्त उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 14 दिसम्बर को रात 10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 15 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे मैहर पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 8 बजे माँ शारदा देवी का दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 9.30 बजे मैहर से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 11.45 बजे चित्रकूट पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री चित्रकूट में आचारी मंदिर में आयोजित हवन-पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### बिना परमिट की तीन स्कूल बसे जप्त



रीवा। परिवहन विभाग द्वारा स्कूलों के विरुद्ध चलाए जा रहे जांच अभियान में आज गुरुवार को पुनः सिरमौर में जाकर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा आरटीओ रीवा के निर्देशन में तीन स्कूल बसें बिना परमिट जप्त की गई। परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा स्कूल बसों की जांच के दौरान सरस्वती ज्ञानपीठ मंदिर सिरमौर की दो बसें एवं के जे विद्यासागर हायर सेकेंडरी स्कूल सिरमौर की एक बस बिना परमिट के पाई गई जिन्हें जप्त कर स्कूल प्रबंधन के ही सुपुर्दगी में सौप दिया गया एवं उन्हें हिदायत दी गई कि इन वाहनों का परिचालन आपके द्वारा तब तक नहीं किया जाएगा जब तक की बस के पूर्ण दस्तावेज सही नहीं हो जाते और बस मोटरयान अधिनियम की अनुरूप ना हो जाए। पिछले दिनों की गई कार्रवाई से स्कूल प्रबंधकों के द्वारा परमिट फिटनेस के आवेदन किया जा रहे हैं परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा शहर से दूर ग्रामीण एवं तहसील क्षेत्र में जाकर स्कूल बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है। आज की गई चालानी कार्यवाही से परिवहन विभाग को 27000 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### संतोष कुमार रजक के शपथ आयुक्त बनने पर हर्ष

पाली। तहसील अधिवक्ता संघ बिरसिंहपुर पाली द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एंड, संतोष कुमार रजक पिता तेजराज रजक को तहसील न्यायालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में शपथ आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना प्रेषित करते हैं1

### पनवार शराबकांड में एसपी की छवि पर पडने लगे छींटे,

रीवा । एसपी रीवा की स्वच्छ छवि पर तत्कालीन थाना प्रभारी पनवार आरएस बागरी और आरक्षक केके शर्मा की करतूत से छींटे पडने शुरु हो गये है। एसडीओपी डभौरा द्वारा की गई जांच प्रतिवेदन का लिफाफा एसपी कार्यालय में पहुंचने के बाद भी एसपी द्वारा लिफाफे को न खोले जाने से तराई अंचल सहित पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि एसपी पनवार शराब कांड में तत्कालीन थाना प्रभारी आरएस बागरी, आरक्षक केके शर्मा और शराब कारोबारी केसरीलाल जायवाल को बचाने की मुद्रा में हैं। पनवार शराब कांड को एक माह गुजरने को हो रहे हैं, एसपी ने थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर जांच एसडीओपी को सौंप दी थी। एसडीओपी डभौरा भी अपनी जांच रिर्पोट एसपी को प्रस्तुत कर दिये। उसके बाद भी तत्कालीन थाना प्रभारी पनवार आरएस बागरी, आरक्षक केके शर्मा और शराब कारोबारी केसरीलाल जायसवाल पर आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34 (2) पर अपराध पंजीबद्ध न करना एंव पुलिस कर्मियों को निलंबित न किये जाने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री नरेंद्र सिंह बघेल ने एजीपी रीवा के साथ ही राजधानी में बैठे पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना, गृह मंत्रालय एवं मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजा है।

## संकल्प यात्रा से केन्द्र तथा राज्य की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा की



रीवा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा की। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रत्येक जिले में समारोह पूर्वक शुभारंभ करें। चुने हुए जनप्रतिनिधियों की इस यात्रा में भागीदारी सुनिश्चित करें। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की सभी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का संकल्प यात्रा के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मौके पर योजनाओं का लाभ दें। संकल्प यात्रा की प्रतिदिन की गतिविधियों की कलेक्टर मॉनीटरिंग करके उसे ऑनलाइन दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में महिला स्वसहायता समूहों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के प्रचार के लिए प्रचार रथ भ्रमण करेगा। प्रत्येक रथ एक दिन में दो स्थानों का भ्रमण करेगा। इनके 26 जनवरी तक भ्रमण का कार्यक्रम तथा रूट चार्ट निर्धारित कर दें। संकल्प यात्रा के लिए जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इनके माध्यम से संकल्प यात्रा का सफल आयोजन कराएं। संकल्प यात्रा के दौरान जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना सहित केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल में सभी प्रमुख 11 विभागों के स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाएं। पूरी यात्रा के आयोजन की भलीभांति तैयारी कर लें। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था कराएं। संकल्प यात्रा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम उज्जैन के दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। सभी जिलों में समारोह पूर्वक संकल्प यात्रा का शुभारंभ करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में माँस और मछली की खुले में बिक्री पर रोक लगाएं। इनकी दुकानों में दरवाजे में काले काँच अथवा पर्दे लगवाएं। धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की परिधि में भी माँस- मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई।

कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से कमिश्नर अनिल सुचारी, संयुक्त आयुक्त निलेश परीख एवं संभागीय अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, सभी एसडीएम तथा अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

## जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी प्रतिदिन हो रही है लेट

### इंटरसिटी की लेट लतीफी से यात्री परेशान



ब्यौहारी।

सिंगरौली से लेकर जबलपुर की ओर चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस जबलपुर से आते समय प्रतिदिन लेट हो जाती है यात्रियों के अनुसार व्यवहारी उसका पहुंचने का टाइम रात को 8:00 बजे है लेकिन प्रतिदिन 10:00 बजे पहुंचती है इससे व्यवहारी से आगे की ओर जाने वाले यात्रियों की सारी गाड़ी निकल जाती है इसके साथ ही सिंगरौली 2:00 बजे रात पहुंचती है जिससे 4:00 शाम से बजे चलने वाले यात्रियों की पूरी रात खराब हो जाती है एक यात्री ने बताया कि जबलपुर से तो टाइम से चलती लेकिन बीच में इसको खड़ा कर दिया जाता है जिससे यह ट्रेन लेट हो जाती है यात्रियों ने जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस को सही समय में चलने की मांग की जिससे यात्रियों को परेशान ना होना पड़े यात्रियों ने मांग की है कि जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी को पुराने टाइम पर ही चलाया जाए जिससे क्षेत्र के सभी यात्रियों को टाइम से अपने घर पहुंच सके।



### नॉलेज ओ लयम्पियड 2023 का आयोजन

रीवा। स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय एवं रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं विकास खण्डों के विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु राज्य स्तरीय नॉलेज ओलंपियाड 2023 प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 से 2:00 बजे तक चयनित स्कूलों में किया गया 1 इसी उपलक्ष्य में रीवा सम्भाग के सभी जिले मे और रीवा के रविन्द्र नाथ टैगोर विश्व विद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय में साथ ही जिले के कई स्कूलों में विकाश खंडों स्कूलों में नॉलेज ओलंपियाड 2023 का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ज़िले के स्कूलों में अध्यनरत छात्र/ छात्राएं सम्मिलित हुए। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किये जायेगा।

### पॉच सौ वर्ष बाद 22 जनवरी को होगी ऐतिहासिक दीवाली

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार की महिला शाखा अध्यक्ष प्रज्ञा त्रिपाठी एवं युवा शाखा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी के नेतृत्व में रीवा एवं मऊगंज जिले मे 11 लाख दीपक जलाने के अभियान "एक दीपक जलायें-श्रीराम के नाम" चलाया जा रहा जन जागरण अभियान लगातार जारी है, जिसमे धर्मपरिवार के सभी पदाधिकारियों-सदस्यों के सामाजिक संगठनों एवं श्रीराम भक्तों की बड़ी तादाद का समर्थन मिल रहा है और संकल्पित जनसमुदाय का कारवॉ लंबा होता जा रहा है। धर्मपरिवार के आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी के मार्गदर्शन में हर घर मे प्रत्येक सदस्य द्वारा एक-एक दीपक जलाये जाने के लिये सम्पर्क जारी है। इस पवित्र कार्य मे अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं रामकृष्ण अग्रवाल, यादव समाज के रामसखा यादव, ब्राम्हण समाज के संजय तिवारी मुन्नू, साहू समाज के राजेश साहू, विश्वकर्मा समाज के प्रभात विश्वकर्मा, सीताशरण, जैन समाज के कृष्णा जैन, सिन्धु सेना के

## नईगढ़ी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष को मातृशोक

### गमगीन हुआ इलाका

रीवा। सेंगर वंश के नईगढ़ी किला में गुरूवार के दिन अचानक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह बबलू के माता पुष्पा सिंह पत्नी सुमन सिंह 80 वर्ष का निधन हो गया। बताया गया कि वे काफी दिनों से बीमार चल रही थी। इस बात की खबर जैसे ही नईगढ़ी इलाके में फैली लोग नईगढ़ी किला की ओर रूख कर लिये और देखते ही देखते किला परिसर भीड़ एकत्रित हो गई। बताते चले कि हर्षवर्धन सिंह नईगढ़ी किले के राष्ट्रीय कवि ठाकुर गोपाल शरण सिंह के वशंज है। इनकी माता जी पुष्पा सिंह का नईगढ़ी कस्बा सहित समूचे क्षेत्र से पारिवारिक लगाव था। उनके देवलोक प्रस्थान से समूचे नईगढ़ी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जो जैसे जहां सुना नईगढ़ी किला की ओर दौड़ पड़ा। उनके अंतिम दर्शन की एक झलक पाने के लिए जनता भावुक दिखाई दी। पुष्पा सिंह का अंतिम संस्कार किला के समीप राजतंत्र से चले आ रहे मुक्ति धाम में किया गया।

## जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें: कलेक्टर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये विभागीय अधिकारी सौंपे



रीवा। आगामी 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय संयोजन समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सौंपे गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा विभागीय गतिविधियों व योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर पात्र व छूटे हितग्राहियों को इससे लाभान्वित भी करें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के आयोजन स्थल में जिन कर्मचारियों, अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह वहां अनिवार्यतः रहें तथा आयोजन स्थल में नियत कार्यक्रम अनुसार स्टाल लगाकर जन सामान्य को योजनाओं के बारे में जानकारी दे साथ ही पोर्टल में फीड कराते हुए जानकारी व सफलता की कहानियाँ जनसंपर्क विभाग को प्रेषित करें ताकि उसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम सिरमौर चौराहे में 16 दिसंबर को आयोजित होगा तथा विकास रथ को झण्डी दिखाकर कार्यक्रम स्थलों के लिये रवाना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों/अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन/जानकारी के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन/चयन करना है। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करें तथा इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन को गति प्रदान करें। यात्रा के दौरान जिला, जनपद एवं मैदानी अमला अपने लक्ष्य तय करें तथा हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उल्लेखनीय है कि यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जायेगा। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संतोष कुमार रजक का शपथ आयुक्त बनने पर हर्ष

**पाली।** तहसील अधिवक्ता संघ बिरसिंहपुर पाली द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एंड, संतोष कुमार रजक पिता तेजराज रजक को तहसील न्यायालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में शपथ आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित करते हैं1

### 62417.19 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में बनाए गए 33 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 1274 पंजीकृत किसानों से 62417.19 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। इसके लिए किसानों को 13 करोड़ 62 लाख 56 हजार 725 रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### धान खरीदी समस्याओं से अवगत कराने मोबाइल नम्बर जारी

**अनूपपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले में एक दिसम्बर से 19 जनवरी 2024 तक धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। कृषकों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी कराने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी केन्द्र से संबंधित समस्याओं आदि के संबंध में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों तथा तहसीलदारों से इस संबंध में उनके दूरभाष पर जानकारी दी जा सकती है। जिला खाद्य अधिकारी बी.एस. परिहार के मो.नं. 9425870351, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक मधुर खर्द के मो.नं. 7974683847 पर या अनूपपुर अनुभाग क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों के संबंध में एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत को मो.नं. 9340035500 तथा तहसीलदार गौरीषंकर शर्मा को मो.नं. 9329305779 पर तथा जैतहरी अनुभाग क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों के संबंध में एसडीएम जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी को मो.नं. 9407183133 पर एवं कोतमा अनुभाग क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों के संबंध में एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की को मो.नं. 9424350695 तथा तहसीलदार श्री ईश?वर प्रधान को मो.नं. 7697118733 पर तथा पुष्पराजगढ़ अनुभाग क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों के संबंध में एसडीएम पुष्पराजगढ़ दीपक पाण्डेय को मो.नं. 9425493767 तथा तहसीलदार अनुपम पाण्डेय को मो.नं. 9329300146 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### खरमास में एक महीने नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**अनूपपुर।** 16 जनवरी से 2023 को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। उस दिन धनु संक्रान्ति होगी पुनः शुरू होंगी ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार सूर्य देव एक महीना शादियां, 17 धनु राशि पर रहते है । इसलिये खरमास एक महीने तक रहेगा। इसका मार्च 2024 समापन 15 जनवरी 2024 को होगा। इसके बाद शुभ कार्य प्रारम्भ होंगे। तक अनवरत चलेंगी देवउठनी एकादशी के बाद सभी मांगलिक कार्य प्रारम्भ हो जाते है लेकिन इस बार फिर खरमास लगने के कारण मांगलिक कार्य नही हो पायेंगे। 16 दिसम्बर से खरमास लगने के कारण विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य खरमास में नहीं किये जाते है। 16 दिसम्बर से और खरमास प्रारम्भ हो जाएगा। अध्यात्म ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार सूर्य जब एक राशि से दूसरी राशि में गोचर करते है उसी को संक्रांति कहा गया है। शास्त्रों में संक्रांति को बहुत महत्व दिया गया है। संक्रांति के दिन पितृ तर्पण, दान, धर्म एवं स्नान का बड़ा ही महत्व है। शास्त्रों के अनुसार सूर्य देव जब धनु में गोचर करते है तो सूर्य के तेज से धनु राशि के स्वामी बृहस्पति का प्रभाव कम हो जाता है। पुनः जब 15 जनवरी को सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे तो 16 जनवरी से पुनः शहनाइयां बजेगी। शादियां 17 मार्च 2024 तक अनवरत चलेंगी। ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि खरमास में कुंडली में सूर्य का प्रभाव प्रबल रहता है। इस दौरान सूर्य देव की विशेष पूजा अर्चना करनी चाहिए।

### औढेरा में बैगर अनुमति खेत से काटे गए प्राकृतिक रूप से लगे सरई के पेड़

# लकड़ी व्यवसायी हरे वृक्षों की कर रहा कटाई



अनूपपुर तहसील एवं जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत औढेरा के औढेरा गांव में एक बैगा जनजाति समाज के ग्रामीण के खेतों में लगे तीन सरई के प्राकृतिक वृक्षों की कटाई बगैर किसी अनुमति के एक ठेकेदार द्वारा दिनदहाड़े मशीनों से व्यवसाय हेतु काट दिए जाने पर ग्रामीण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा अनूपपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।



#### औढेरा सरपंच ने कलेक्टर से शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

**अनूपपुर।** इस संबंध में ग्राम पंचायत औढेरा के सरपंच श्रीमती श्यामबाई पति जयपाल सिंह ने बताया कि औढेरा गांव के वार्ड नंबर 1 कठेवाटोला निवासी तेरसू बैगा पिता घसिया बैगा के राजस्व भूमि के खेत में प्राकृतिक तौर पर सरई के वृक्ष लगे हुए हैं जिन्हें जमुडी के लकड़ी व्यवसायी द्वारा बगैर किसी विभाग की अनुमति के बैगा जनजाति समाज के ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर मनमाने तौर पर हरे वृक्षों की कटाई की जा रही है। विगत 12 दिसंबर को जमुडी के एक लकड़ी व्यवसायी द्वारा बगैर किसी विभाग की अनुमति के चालीस फिट उंचाई एवं दो घन मीटर मोटाई के तीन सरई के वृक्षों की दिनदहाड़े अवैधानिक रूप से कटाई कर दी इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत के कुछ बैगा जनजातीय समाज के ग्रामीण के खेतों में लगी विभिन्न प्रजाति के हरे वृक्षों की कटाई एवं परिवहन किया जा चुका है। उन्होंने अनूपपुर कलेक्टर को पत्र लिखते हुए राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारियों एवं वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कराकर प्रभावी कार्यवाही शीघ्र किए जाने की मांग की है।

ज्ञातव्य है कि किरर, औढेरा, अंकुश, बड़हर, छीरापटपर, डिडवापानी जैसे अनेकों गांव घने वन क्षेत्र से घिरे हुए हैं जहां सैकड़ो वर्ष पुराने प्राकृतिक तौर पर इमारती एवं अन्य तरह के वृक्ष बहुतायत मात्रा में है जिनके मध्य राजस्व भूमि एवं वनाधिकार प्राप्त भूमि ग्रामीणो की है। ग्रामीणों के खेत एवं बाड़ी में लगे इमारती एवं सामान्य प्रजाति के हरे वृक्षों को लकड़ी व्यवसायी व्यवसाय के लालच में ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर निरंतर अवैधानिक रूप से हरे वृक्षों की कटाई कर रहे हैं। अवैधानिक रूप से लकड़ी का व्यवसाय अनूपपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रो में राजस्व, वन विभाग के स्थानीय कर्मचारियो के माध्यम से गलत प्रतिवेदन बनवाकर स्वीकृत प्राप्त कर किए जाने की जानकारी विगत कई वर्षों से मिल रही है जिस पर समय-समय पर जागरूक ग्रामीणो, जनप्रतिनिधियो ने प्रशासन की कार्यवाही की मांग पूर्व से की जा रही है।

## खुले में व बिना अनुमति मांस तथा मछली के विक्रय पर रोक

### शहरी विकास विभाग ने जारी किये 15 दिन के विशेष अभियान के निर्देश

**अनूपपुर।** प्रदेश के विभिन्न शहरों में सामान्यतः किसी भी प्रकार के व्यवसाय, दुकान, बाजार या रेहड़ी आदि लगाने के लिए नगरीय निकायों द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत अनुज्ञा / अनुमति / अनापत्ति दी जाती है। विशेष रूप से, किसी भी प्रकार के मांस एवं मछली की बिक्री के लिए नगरीय विकास विभाग के अधिनियमों के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधान लागू होते हैं, जिसके अंतर्गत जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांस एवं मछली के विक्रय के संबंध में अतिरिक्ति शर्तें लगाई जाती हैं। इन अधिनियम के अंतर्गत जारी निर्देशों में यह स्पष्ट उल्लेख है कि मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच/ दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था होना चाहिए। इसके अतिरिक्त किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उनका विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशों पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आज इस संबंध में एक सघन 15 दिवसीय अभियान के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों, नगरीय निकायों के आयुक्तों / मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी किए गए हैं, जिसमें उक्त अधिनियमों/ नियमों एवं लायसेंस की शर्तों का पालन कड़ाई से कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान नगरीय निकाय के अतिक्रमण निरोधी दस्ते तथा स्वास्थ्य अमले के अतिरिक्त, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ समन्वय कर चलाया जाएगा। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा द्वारा उक्त अभियान की प्रतिदिन रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिस संबंध में विभाग द्वारा कृत कार्यवाही की मॉनिटरिंग एवं प्रभावी कियान्वयन हेतु तैयारी की गई है। यह अभियान 15 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर तक सघन रूप से चलाया जाएगा एवं इसके पश्चात किसी भी प्रकार से शहरी क्षेत्रों में उक्त निर्देशों का उल्लंघन ना हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

## पति के हत्यारिन पत्नी को मिली आजीवन कारावास की सजा

### अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम ने सुनाया फैसला

**राजेन्द्रग्राम।**

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम के न्यायालय के सत्र प्रकरण क्र. 37/2020, थाना अमरकंटक के अपराध क्र. 120/2019 धारा 302, 201, 34 भादवि की आरोपिया प्रतिमा पति मोहित बनावल उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम करौंदाटोला, थाना अमरकंटक को निर्णय दिनांक 12.12.2023 को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2000 रुपए अर्थदण्ड एवं धारा 201 भादवि में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड, कुल मिलाकर आरोपिया को आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा द्वारा की गयी। वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा न्यायालयीन निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि 11.11.2019 को फरियादी संतराम बनावल ने थाना अमरकंटक में उपस्थित होकर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि 22.10.2019 के सुबह 10 बजे से उसका 33 वर्षीय छोटा भाई मोहित बनावल घर से बिना



बताये कही चला गया हैं, जिसके आधार पर थाना अमरकंटक में गुम इंसान क्र. 20/19 कायम किया गया। 21.11.2019 को संतराम बनावल द्वारा लिखित में इस आशय का सूचना दिया कि 20.11.2019 को गांव तथा आसपास के गांव के सयानों के द्वारा मोहित बनावल के घर बैठक की बैठक के दौरान मोहित बनावल की पत्नी प्रतिमा बनावल से पूछताछ किए तो प्रतिमा बनावल इधर-उधर की बात करने लगी व अपने घर के कमरा, रसोईया में किसी को घुसने नहीं दे रही थी, जिससे सभी लोगों को शंका होने लगा, तब घर में देखा तो घर के एक किनारे छपाई लिपाई किया हुआ था, वहीं पास खाना बनाने की मिट्टी का चूल्हा था, छपाई वाले स्थान पर लोहे की राड डाले तो राड के साथ गीली मिट्टी और बदबू आने लगा, कुछ देर बाद उसी जगह पर मक्खियां भिनभिनाने लगी, तब लगा कि वहां पर मोहित बनावल की हत्या कर गडा दिया गया है, तब अमरकंटक पुलिस द्वारा शव उत्खनन की अनुमति हेतु अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ को पत्र प्रेषित किए जाने पर उनके द्वारा नायाब तहसीलदार को शव उत्खनन हेतु निर्देशित किया गया। शव उत्खनन कार्यवाही पष्चात शव की शिनाख्तगी कार्यवाही परिजनों से कराये जाने पर परिजनों ने शव मोहित बनावल को होना बताया। समस्त कार्यवाही उपरांत अभियुक्त प्रतिमा बनावल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किए जाने पर उसने अपने मेमोरेण्डम कथन में बताया कि उसने और सहअभियुक्त गनाराम ने साथ मिलकर मृतक मोहित बनावल को खाने में बेहोशी की दवा मिलाकर व खिलाकर बेहोशी की हालत में जीआई तार से हाथ व पैर को बांधकर गले में जीआई तार फंसाकर खींचकर हत्या करना बताया। मामले की समस्त विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अभियोजन द्वारा शासन की ओर से पैरवी की गई। जहां पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध मामला प्रमाणित पाए जाने पर उपरोक्त दण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया।

## जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**अनूपपुर।**



शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं के प्रकरणों में बैंकर्स हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। विभाग तथा बैंकर्स जिले के विकास के लिए अच्छी परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए सार्थक प्रयास करें। जिससे स्वरोजगार के साथ ही रोजगार भी लोगों को उपलब्ध हो सके। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक में स्वरोजगारमूलक प्रकरणों में बैंकर्स द्वारा वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में नगरीय विकास विभाग की स्वनिधि योजना, आजीविका मिह्यान के एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, मत्स्य तथा डेयरी विभाग के के.सी.सी., पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा कल्याण योजना, एक जिला एक उत्पाद, जनजातीय कार्य विभाग, पिछड़ा वर्ग, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कृषि विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्यगत प्रकरणों के विरूद्ध बैंकों में प्रस्तुत किए गए प्रकरणों की समीक्षा करते हुए बैंकर्स द्वारा प्रकरणों में वितरण के संबंध में की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करने तथा लक्ष्य अनुसार बैंकर्स को समन्वय कर प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को हितलाभ प्रदाय करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को क्षेत्रीय मांग अनुसार उद्यम स्थापना के अच्छे प्रकरण तैयार कर बैंकर्स से समन्वय कर स्वीकृति व वितरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में हितग्राहीमूलक योजनाओं का संचालन कर रहे विभागीय अधिकारियों तथा बैंकर्स ने हितग्राहियों के प्रकरणों के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर ने 31 दिसम्बर तक के.सी.सी. तथा लक्ष्य अनुसार प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी को समन्वित रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है। जिससे हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित हो सके।

## रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट को लेकर आज से ग्रामीण करेंगे आंदोलन

**अनूपपुर।**

रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट चालू हुए एक साल पूरे होने जा रहे है लेकिन आज तक रामपुर बलिया के किसानों को नौकरी पुनर्वास जैसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा एवं अखिलेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार करीब 5 से 7 गांव मिलकर आंदोल करेगे तो वही बैरिहा निवासी कृषक अखिलेश त्रिपाठी ने बैरिहा को रामपुर एसईसीएल में शामिल करने की मांग की है। आज से बैरिहा, बेलिया, पड़रिया, धमरहा एवं बिछिया, अटरिया सहित समस्त गांव के ग्रामीण रामपुर के सहयोग से आंदोलन करेंगे। ज्ञात हो कि यहां हैवी ब्लास्टिंग के कारण पानी का




जलस्तर नीचे एवं घरों मकान में दरार आ रही है। जिस कारण कारण खेती में नुकसान हो रहा है। विभिन्न समस्याओं को लेकर समस्त गांव के ग्रामीण एकत्रित होकर एसईसीएल रामपुर ओपन कास्ट का काम बंद करेंगे पूर्व में इसकी जानकारी रामपुर के माध्यम से कलेक्टर एवं सभी अधिकारियों के यहां दिया जा चुका है।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में जिले में कुल 1693 परीक्षार्थी लेंगे भाग

**अनूपपुर।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 जिले में बनाए गए 6 परीक्षा केन्द्रों में 17 दिसम्बर को ओ.एम.आर. आधारित विधि से दो पालियों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले में कुल 1693 परीक्षार्थी इस परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर में 400, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में 200, शासकीय आई.टी.आई. अनूपपुर में 200, शासकीय मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर में 250, शासकीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अनूपपुर में 300 तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 343 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### अनिल पारे संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए म.प्र. लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश अनिल पारे मो.नं. 09425066100 को शहडोल संभाग का संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षा प्रभारी डी.के. पाण्डेय ने संभागीय पर्यवेक्षक को अनूपपुर जिले में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों के भ्रमण व केन्द्रों की जानकारी एवं लोकेशन से अवगत कराने हेतु सहायक जिला आबकारी अधिकारी के.के. उईके मो.नं. 9827458018 को लाईजिनिंग आफीसर नियुक्त किया है। उन्होंने लिपकीय सहायता एवं कम्प्यूटर आदि की सुविधा हेतु सर्व शिक्षा अभियान अनूपपुर के प्रोग्रामर संतोष कुमार पाण्डेय मो.नं. 9425428203 की ड्यिूटी लगाई है।

## कल से आरंभ होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

### जिपं. सीईओ ने दी विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत

**अनूपपुर।**

जनहित और जनकल्याण के लिए प्रदेश सहित जिले में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रियान्वयन केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों व सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश?य से आरंभ की जा रही है। जिसके क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य तथा कार्यक्रम के स्वरूप के संबंध में जानकारी देते हुए यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम के सफल संचालन के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रत्येक शिविर के कार्यक्रमों में प्रमुख योजनाओं के लक्षित लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। यात्रा के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की गतिविधियां तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृषि कार्यों के लिए ड्रोन प्रदर्शन, स्वास्थ्य तथा विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाने व जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिए गए।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा की बुढ़ानपुर से कल होगी शुरूआत

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर से शनिवार 16 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से आयोजित की जाएगी। 16 दिसम्बर को जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर में प्रातः 9 बजे व ग्राम पंचायत बगैहाटोला में दोपहर 1 बजे तथा ग्राम पंचायत पिपरिया में अपरान्ह 3 बजे शिविर आयोजित किए जाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित करने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए हैं।